दिन–गुरूवार दिनांक– 25 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की एक सौ एकवीं जयंती पर लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्‌घाटन करेंगे।

02. सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीतदिवस की स्थिति। अगले तीन दिनों तक राहत के आसार नहीं।

03. राज्य सरकार ने नगर निकाय क्षेत्रों में वंशावली निर्गत करने के लिए अंचलाधिकारियों को अधिकृत किया।

04. और, क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गिरिजाघरों में आयोजित हो रही हैं विशेष प्रार्थना सभाएं।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी एक सौ एकवीं जयंती के अवसर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्‌घाटन करेंगे और जन सभा को संबोधित करेंगे। स्वतंत्र भारत की महान विभूतियों की गौरवशाली विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुरूप निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल, श्री वाजपेयी के जीवन और आदर्शों के प्रति श्रद्धांजलि होगी। उनके नेतृत्व ने देश की लोकतांत्रिक, राजनीतिक और विकास यात्रा पर गहरी छाप छोड़ी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से––

–––रिपोर्ट–––

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पटना के पाटलिपुत्रा पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे सांसद खेल महोत्सव के तहत देशभर के खिलाड़ियों और खेल संघों से जुड़े अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने यह जानकारी दी।

–––बाइट–––

इधर, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में सांसद खेल महोत्सव का आज समापन होगा। खेल महोत्सव में पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ी योग, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी समेत विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं।

---

रांची में खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप लीग मैच में कल बिहार ने अरूणाचल प्रदेश के खिलाफ खेले गए मैच में एक साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम किये। बिहार के कप्तान सकीबुल गनी ने बत्तीस गेंदों में शतक लगाया, जो लिस्ट–ए क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक है। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने मात्र छत्तीस गेंदों पर में शतक बनाया। वैभव पुरूषों की लिस्ट–ए क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए हैं। बिहार की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज आयुष लोहारूका ने भी शतक जमाया। वहीं, दूसरी तरफ बिहार की टीम पचास ओवर में छह विकेट पर पांच सौ चौहत्तर रन बनाए, जो पचास ओवर के क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में अबतक का सबसे बड़ा स्कोर है। साथ ही बिहार की टीम ने सबसे अधिक रन से जीत का भी रिकॉर्ड बनाया।

---

सर्द पछुआ हवा के कारण राज्य में अधिकतर स्थानों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर बहुत कम रह जाने के कारण दिन और रात के समय एक जैसी ठंड का एहसास हो रहा है। आज सुबह पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण और बेगूसराय समेत तेरह जिलों में घना से अत्यंत घना कोहरा छाया रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अट्ठाईस दिसम्बर तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी, उत्तर–पश्चिमी और उत्तर–मध्य हिस्सों में कई स्थानों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाइट———

---

इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। कल पटना हवाई अड्डे से दो विमानों को रद्द कर दिया गया। जबकि पंद्रह विमानों के परिचालन में देरी हुई। दरभंगा हवाई अड्डे से भी पांच

फ्लाइट अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। इधर, राजधानी तेजस समेत लंबी दूरी की अधिकांश रेलागाड़ियां पांच से दस घंटे तक की देरी से चल रही है।

---

राज्य के नगर निकाय क्षेत्रों में वंशावली निर्गत करने के लिए अंचलाधिकारियों को अधिकृत किया गया। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इधर, विभाग ने कहा है कि अगले वर्ष एक जनवरी से भू–अभिलेख पोर्टल के माध्यम से जमीन के कागजातों की ऑनलाइन नकल ली जा सकेगी। यह नकल राजस्व अभिलेखों की डिजिटल हस्ताक्षरित प्रति होगी, जो सत्यापित प्रतिलिपि के रूप में कानूनी रूप से मान्य होगी। इसके साथ ही राजस्व अभिलेखों की नकल निकालने वाली पहले की ऑफलाइन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि जो राजस्व अभिलेख ऑनलाइन उपलब्ध नहीं होंगे, उसे लेने के लिए भी ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

---

———म्यूजिक———

क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईसाई धर्मावलंबी ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर लोग अपने घरों को क्रिसमस ट्री और जगमगाते सितारों से सजाते हैं तथा एक दूसरे को उपहार देते हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि क्रिसमस को लेकर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———म्यूजिक———

---

सिखों के दसवें और अंतिम गुरू गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व को लेकर आज तख्त श्रीहरि मंदिर साहिब पटना सिटी से बड़ी प्रभातफेरी निकाली गई। आज बड़ी प्रभातफेरी के साथ ही ग्यारह दिनों तक चलने वाली प्रभातफेरी का समापन हो गया। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह सत्ताईस दिसम्बर को

तख्त श्रीहरि मंदिर साहिब आयोजित किया जाएगा। इधर, प्रकाश पर्व को लेकर देशभर से श्रद्धालु पटना साहिब पहुंचने लगे हैं।

---

कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड के जैतपुर–भदवलिया गांव के कमलेश कुमार को अदम्य साहस, मानवता और परोपकार के लिए मरणोपरांत राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कल वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कमलेश कुमार के परिजन यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। ग्यारह वर्षीय कमलेश कुमार ने इस वर्ष जुलाई महीने में दुर्गावती नदी में डूबते एक बच्चे को अपनी जान की परवाह किये बिना बचाया था।

---

रेलवे भर्ती बोर्ड ने लेवल वन ग्रुप डी के बाईस हजार पदों पर नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आरआरबी की वेबसाइट पर इक्कीस जनवरी से बीस फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।

---

सीबीआई ने साइबर अपराधियों से सांठ–गांठ रखने के आरोप में पटना के दो बैंक अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में केनरा बैंक की सहायक प्रबंधक शालिनी सिन्हा और एक्सिस बैंक के बिज़नेस डेवलपमेंट एसोसिएट अभिषेक कुमार शामिल हैं। सीबीआई के अनुसार दोनों बैंक अधिकारियों ने साइबर अपराधियों का म्यूल अकाउंट अपने–अपने बैंक में खुलवाया था।

---

पटना और पूर्वी चंपारण जिले से पुलिस ने चार करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ चरस और अफीम के साथ सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। पटना के मनेर के अस्पताल मोड़ के पास एक किलो चरस, आधा किलो अफीम और तीन कार्टन शराब के साथ चार तस्करों की गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से बारह लाख रुपये नकद बरामद किये गए। इसके अलावा, रक्सौल से पुलिस ने साढ़े सात क्विंटल से अधिक चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के मधुरा उत्तर स्थित एक घर में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त छापेमारी कर तीन सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र अंतर्गत अलौनी बाजार के पास एक ट्रक और चार पहिया वाहन के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————

सुपौल की उत्पाद न्यायालय ने शराब तस्करी के एक मामले में एक अभियुक्त को पांच वर्ष कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

एसटीएफ की टीम ने मुंगेर से कुख्यात हथियार तस्कर मोहम्मद फिरोज आलम को गिरफ्तार कर लिया है। वह जमुई जिले के मिर्जापर बरदह पंचायत का रहने वाला है और उस पर बिहार, झारंखड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में हथियार तस्करी से जुड़े चौदह मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

रोहतास जिले में उर्वरक की कालाबाजारी करने के आरोप में एक प्रतिष्ठान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए लाइसेंस रद्द कर दिया गया है, जबकि नौ प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान लिखता है– अपार्टमेंट की सभी फ्लैट की एक जमाबंदी होगी। राजस्व विभाग ने नियमावली तैयार की। मंत्री की मंजूरी का इंतजार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– एक जनवरी से जमीन से जुड़े सभी दस्तावेज ऑनलाइन मिलेंगे।

प्रभात खबर लिखता है – विजय हजारे ट्रॉफी में बिहार का वैभव पांच सौ चौहत्तर रन बिहार ने बनाए। लिस्ट–ए में सबसे बड़ा स्कोर।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – जननी सुरक्षा योजना में मार्च से भुगतान बंद, दस लाख माताओं की मदद रूकी।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं – इसरो ने अमेरिकी उपग्रह को कक्षा में किया स्थापित।

आज अखबार की सुर्खी है – भाषायी अकादमियों का होगा एकीकरण। कर्मचारियों का बढ़ेगा वेतन, दूर होगी आर्थिक बदहाली।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की एक सौ एकवीं जयंती पर लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे।

02. सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीतदिवस की स्थिति। अगले तीन दिनों तक राहत के आसार नहीं।

03. राज्य सरकार ने नगर निकाय क्षेत्रों में वंशावली निर्गत करने के लिए अंचलाधिकारियों को अधिकृत किया।

04. और, क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गिरिजाघरों में आयोजित हो रही हैं विशेष प्रार्थना सभाएं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।